दिनांक 13.07.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मूलभूत समस्याओं से जल्द मिलेगी निजात

निगम आयुक्त ने उद्योगपतियों से क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा किया

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में महापौर व विधायक श्री देवेन्द्र यादव और निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने औद्योगिक क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं को लेकर औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों से विस्तार से चर्चा किया। महापौर श्री यादव ने प्रतिनिधि मंडल से औद्योगिक क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने की आग्रह किया।औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत सुविधाएं सहित समस्याओं की जानकारी ली। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने निगम प्रशासन से चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण, प्रकाश व्यवस्था में सुधार, अतिक्रमण पर रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने और ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित जमीन का सौंदर्यीकरण की मांग की।
महापौर श्री यादव ने प्रतिनिधि मंडल के सुझाव के मुताबिक निगम और जिला औद्योगिक विकास निगम के अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण पर रोक लगाने , मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने और उद्योगों तक आने जाने वाले एप्रोच रोड निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षे की स्वच्छता और सुंदरता के लिए औद्योगिक संगठन का निगम प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। औद्योगिक क्षेत्र के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए निगम प्रशासन और औद्योगिक संगठन के साथ मिलकर बेहतर कार्ययोजना बनाने की बात कही। सभी औद्योगिक इकाइयों के पहुंच मार्ग का मार्किंग एवं सड़कों के किनारे साइन बोर्ड लगाने पर सहमति जताई। औद्योगिक क्षेत्र की हरियाली के लिए निगम प्रशासन की ओर से पौधे प्रदान करने , उद्योगों के आस पास खाली जमीन पर पौधे रोपने और सुरक्षा के लिए फेंसिंग कराने की कराने का आश्वासन दिया। बैठक में भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारी ने टाउनशिप क्षेत्र में 50 हजार पौधा लगाने के लक्ष्य की जानकारी दी। लक्ष्य के अनुसार खाली जमीन पर पौधे लगाने का कार्य जारी होना बताया।

नंदनी रोड छावनी चैक पर बढ़ते यातायात के दबाव की वजह से आए दिन हो रही दुर्घटना को लेकर संगठन के सदस्यों ने चिंता जताई। छावनी चैक का सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था को सु-व्यवस्थित करने के लिए चैक को उद्योगों को सौंपने की मांग की। उनकी पर महापौर श्री यादव ने पावरहाउस से एसीसी चैक तक सौंदर्यीकरण और सड़क किनारे निगम द्वारा पेवर ब्लॉक लगाने की योजना पर चल रहे कार्य की जानकारी दी। बैठक में निगम उपायुक्त तरूण पाल लहरे , भिलाई वायर ड्राइंग एसोसिएशन के सदस्य अतुलचंद साहू , मनोज शुक्ला, डी.पी. तिवारी, राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ एंसीलरी उद्योग एसोसिएशन भिलाई के रामभगत अग्रवाल, संतोष शर्मा, चरणजीत खुराना मौजूद रहे।

॥ सत्यमेव जयते ॥